## संक्षिप्त

### 2 सोनोग्राफी सेन्टरों का किया निरीक्षण

**करौली**,(निसं)। पीसीपीएनडीटी अधिनियम की पालना सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला नोडल अधिकारी (पीसीपीएनडीटी) एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयंतीलाल मीणा ने करौली मुख्यालय पर भावना सोनोग्राफी सेंटर और बागडी हॉस्पिटल स्थित सोनाग्राफी सेंटर का निरीक्षण किया और गर्भवती महिला से बात कर सेवाओं का जायजा लिया। उन्होंने सोनोग्राफी पंजिका व एफ फॉर्म की जांच की और संचालकों को पीसीपीएनडीटी अधिनियम की सख्ती से पालना के लिए पाबन्द किया। सीएमएचओ ने बताया कि भ्रूण लिंग परीक्षण रोकने के कार्य में आमजन की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से मुखबिर योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के तहत भ्रूण लिंग परीक्षण की सत्य सूचना पर तीन लाख रुपये तक की प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान है। सेन्टर पर मुखबीर योजना का प्रचार प्रसार टोल फ्री नंबर 104 व 108 एवं व्हाट्सएप नंबर 9799997795 के प्रदर्शन का सत्यापन किया। सेन्टर संचालक को पीसीपीएनडीटी एक्ट के अनुरूप कार्य करने को पाबन्द किया।

### सवाईमाधोपुर टीम ने कांस्य पदक जीता

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। सीनियर राज्य स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता दिनांक 29 नवंबर 2025 से 1 दिसंबर 2025 तक पाली में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में सवाई माधोपुर जिला के महिला दल ने ब्राँच मेडल (कांस्य पदक) प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया। पूरी प्रतियोगिता में खुशी सिकरवार, श्यामा शर्मा, मधु कटारिया ने सराहनीय प्रदर्शन किया। शोएब मोहम्मद सचिव जिला टेनिसबाल क्रिकेट संघ सवाई माधोपुर ने बताया कि महिला दल के महिला वर्ग खिलाड़ियों में श्यामा शर्मा (कप्तान), खुशी सिकरवार (उपकप्तान ), सरिता मीना, शुभलक्षणा, वैशाली मीना, विदुषी शर्मा, मधु कटारिया, चहल जैन, पूजा गोचर, अजरा, दर्शिता जैन, अंकिता मीना, प्रशिक्षक शफी मोहम्मद थे। इस अवसर पर डी एस राजावत, असगर हुसैन (मोनू), बीरेंद्र झंडू, मोहमद कासिम, मनोज बंसल, सूर्य प्रकाश शर्मा, शरद माथुर, जितेंद्र उपाध्याय, शाहरुख खान, मिथलेश व्यास, ओमी कटारिया, बलराम मीना आदि ने जिले के दल को मेडल विजेता बनने की बधाई दी।

### कृषि महाविद्यालय का दौरा किया

**भरतपुर**, (निसं)। कृषि महाविद्यालय कुम्हेर के डीन डॉ. आर. के. मीना ने कृषि महाविद्यालय भुसावर का दौरा किया। महाविद्यालय के डीन डॉ. उदय भान सिंह ने बताया कि डॉ. मीना ने कॉलेज की प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय, कृषि फॉर्म व कॉलेज लैंडस्केप का अवलोकन किया । डॉ. मीना ने कहा कि अल्प समय में कॉलेज का अभूतपूर्व विकास हुआ है, यहां पढ़ाई का बहुत अच्छा माहौल है, विद्यार्थी नियमित रूप से पुस्तकालय में बैठकर पढ़ाई करते हैं । कृषि महाविद्यालय भुसावर के कक्षा-कक्ष व प्रयोगशालाऐ आधुनिक हैं। डॉ. उदय भान सिंह ने बताया कि कृषि महाविद्यालय भुसावर की प्रयोगशाला में आधुनिक उपकरण स्थापित किए हैं।

### भूमि आवंटन निरस्तीकरण के विरोध में रोष

**भरतपुर**, (निसं)। सर्व समाजों की छात्रावास/सामुदायिक भवनों की स्वीकृत भूमि को निरस्त करने के विरोध में सर्व समाज भूमि आवंटन निरस्त संघर्ष समिति की बैठक नेहरू पार्क किले में संयोजक सोहन लाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

सहसंयोजक लक्ष्मण सिंह केन ने बताया कि बैठक में सरकार द्वारा समाजों की छात्रावास व सामुदायिक भवनों की आवंटन भूमि को जिसकी राशि जमा करा चुके हैं, को निरस्त करने पर सरकार के खिलाफ रोष प्रकट किया तथा मीटिंग में सर्व समिति से सभी समाजों द्वारा एक बार मुख्यमंत्री से मिलकर ज्ञापन देने का निर्णय लिया जिसमें सोमवार को मुख्यमंत्री से टाईम लेकर मिलने का प्रस्ताव पारित करते हुए शिवानी दायमा अध्यक्ष भाजपा भरतपुर के माध्यम से एक ज्ञापन मुख्यमंत्री को भेजने का निर्णय लेने के बाद संघर्ष समिति केक संयोजक द्वारा शिवानी दायमा को उनके कार्यालय पर जाकर ज्ञापन देकर मांग की कि भरतपुर की समाजों का आवंटित भूमि को निरस्त नहीं किया जावे जिसमें शिवानी दायमा द्वारा ज्ञपान को मुख्यमंत्री को भेजकर शीघ्र जनहित में कार्यवाही कराने का आश्वासन दिया गया। शिवानी दायमा से मिलकर ज्ञापन देने वालों में संयोजक सोहनलाल शर्मा, सतीश स्टोन, राजेश कोली, चरन सिंह, डॉ. लक्ष्मण सिंह आदि मौजूद रहे।

# जेल में नियमित स्वास्थ्य परीक्षण नहीं करने पर जताई चिन्ता

**डीग/भरतपुर**, (निसं)। जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट उत्सव कौशल ने डीग जिला मुख्यालय स्थित जिला कारागृह, जिला कोषालय, उपखंड अधिकारी कार्यालय सहित पुलिस थाना जनूथर और खोह का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को लंबित प्रकरणों के निस्तारण, सफाई व्यवस्था और सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने जिला कारागृह डीग के निरीक्षण के दौरान बंदियों से भोजन और सुविधाओं की जानकारी ली, जो संतोषजनक पाई गई। हालांकि,

■ जिला कलक्टर ने निरीक्षण के दौरान बंदियों से भोजन और सुविधाओं की जानकारी ली



जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट उत्सव कौशल ने डीग जिला मुख्यालय स्थित जिला कारागृह, जिला कोषालय, उपखंड अधिकारी कार्यालय सहित पुलिस थाना जनूथर और खोह का निरीक्षण किया।

उन्होंने जेल में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा नियमित स्वास्थ्य परीक्षण न किए जाने पर चिंता जताई और सीएमएचओ से समन्वय कर मेडिकल कैंप लगाने के निर्देश दिए। बिजली आपूर्ति बाधित होने पर जनरेटर की व्यवस्था करने और नगर परिषद के माध्यम से सफाई कर्मचारी नियुक्त कर सफाई सुनिश्चित करने के लिए कारापाल को निर्देशित किया। मुलाकात कक्ष की गंदगी और बैरक के बाहर खराब पड़े शौचालयों को तुरंत दुरुस्त करवाने के निर्देश भी दिए गए। जिला कोषालय के निरीक्षण में जिला कलक्टर ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में गंभीर खामियां पाईं। उन्होंने स्ट्रांग रूम के बाहर सशस्त्र गार्ड न होने और सीसीटीवी कैमरों के बंद होने को गंभीर अनियमितता मानते हुए पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखने और कैमरे तुरंत चालू करवाने के निर्देश दिए। साथ ही, अग्निशमन यंत्रों की वैधता समाप्त पाए जाने पर उन्हें तत्काल रिफिल करवाने और रोकड़पाल का फिडिलिटी बॉन्ड प्राप्त करने के निर्देश दिए।

उपखंड अधिकारी कार्यालय डीग के निरीक्षण में पाया गया कि 5 वर्ष से अधिक पुराने 301 और 10 वर्ष से अधिक पुराने 136 राजस्व प्रकरण लंबित हैं । जिला कलक्टर ने एसडीएम को निर्देश दिए कि पुराने मुकदमों में नजदीकी तारीख देकर उनका प्राथमिकता से निस्तारण करें। साथ ही, भू-रूपांतरण और बकाया राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश भी दिए गए।

पुलिस थाना जनूथर नवसृजित थाना जनूथर के निरीक्षण में भवन और भूमि आवंटन की समस्या सामने आई, जिस पर कलक्टर ने भवन निर्माण हेतु एस्टीमेट तैयार कर प्रस्ताव भिजवाने के निर्देश दिए। थाने में महिला हवालात और महिला प्रसाधन की व्यवस्था न होने पर उन्होंने शीघ्र व्यवस्था करने को कहा। पुलिस थाना खोह' खोह थाने में मालखाना (केस प्रॉपर्टी) के भारी पेंडेंसी (560 मामले) और गिरफ्तारी वारंट की तामील न होने (548 लंबित) पर नाराजगी जताई। उन्होंने थानाधिकारी को माल निस्तारण और वारंट तामील के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए । साथ ही, थाने में महिला कर्मियों के लिए अलग कक्ष और मेस में साफ-सफाई रखने की हिदायत दी।

निरीक्षण के दौरान कलक्टर ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट किया कि राजकीय कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दिए गए निर्देशों की पालना रिपोर्ट निर्धारित समय में भिजवाना सुनिश्चित करें।

## मारपीट का आरोप

**भरतपुर**, (निसं)। भरतपुर में सेवर थाना क्षेत्र स्थित राधा नगर कॉलोनी में एक महिला ने सेवर थाना पुलिस और मथुरा गेट थाना पुलिस कर्मियों पर मारपीट एवं छेड़खानी का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि देर रात को पुलिस उसके घर आई और आते ही उनके और परिवार के साथ मारपीट की, जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गई। महिला का उपचार आरबीएम अस्पताल में जारी है।

महिला का आरोप है कि उन्होंने प्लॉट लिया था, जबकि एक व्यक्ति खुद का प्लॉट होने का दावा करता है और इसी को लेकर विवाद है। मामला कोर्ट में भी चल रहा है। महिला का कहना है कि प्लॉट का दावा करने वाला व्यक्ति पुलिस कर्मियों की मिलीभगत से दबाव बना रहा है और पुलिस भी उसका सहयोग कर रही है। इस पूरे मामले की शिकायत महिला ने राजकीय आरबीएम हॉस्पिटल का विजिट करने आए जिला कलेक्टर कमर चौधरी से अस्पताल परिसर में की है। कलक्टर ने कार्यवाही कराने का आश्वासन दिया । वहीं,मथुरा गेट पुलिस थाना प्रभारी दिलावर सिंह भाटी ने इस मामले को लेकर कहा कि युवती के भाई के खिलाफ मथुरा गेट थाने में मामला दर्ज है और युवती के परिवार के लोग भी आरोपी हैं। इसी सन्दर्भ में युवती के भाई को पुलिस गिरफ्तार करने गई थी.पुलिस का आरोप है कि बचाव के लिए पुलिस पर झूठा आरोप लगाया जा रहा है। थाना प्रभारी का कहना है कि महिला के भाई सहित उसके परिवार के कई सदस्यों के खिलाफ मामला दर्ज है और पुलिस केवल उसी सिलसिले में कार्रवाई करने गई थी। राधा नगर निवासी महिला का परिवार लंबे समय से एक दर्ज मामले में आरोपी है। पुलिस जब उसके भाई को गिरफ्तार करने पहुंची, तो महिला ने पुलिस पर झूठे आरोप लगाकर कार्रवाई को प्रभावित करने का प्रयास किया।

## सार-समाचार

### घायल अवस्था में मिला दुर्लभ प्रजाति का गिद्ध



**गंगापुर सिटी**, (निसं)। वजीरपुर उपखंड के नयागांव क्षेत्र में शुक्रवार को एक दुर्लभ प्रजाति का विशाल गिद्ध घायल अवस्था में मिला। उड़ने में असमर्थ इस गिद्ध को देखकर ग्रामीणों में कौतूहल और चिंता फैल गई। सूचना मिलने पर सर्पमित्र रवि और वन विभाग की टीम ने उसे सुरक्षित रेस्क्यू कर इलाज के लिए भेज दिया।यह गिद्ध पास के खंडीप गांव में घायल अवस्था में गिरा मिला था। वहां आवारा कुत्ते उसे परेशान कर रहे थे। सर्पमित्र रवि ने मौके पर पहुंचकर गिद्ध को बचाया और उसकी प्रजाति की पहचान की। विशेषज्ञों के अनुसार, यह सिनेरियस गिद्ध है, जिसे काला गिद्ध, यूरेशियन ब्लैक वल्चर या भिक्षु गिद्ध भी कहते हैं। इसे पुरानी दुनिया का सबसे बड़ा शिकारी पक्षी माना जाता है। इसकी लंबाई लगभग 1.2 मीटर और पंखों का फैलाव करीब 3.1 मीटर तक होता है, जबकि वजन लगभग 14 किलोग्राम तक पहुंच सकता है। यह प्रजाति यूरेशिया के समशीतोष्ण क्षेत्रों में पाई जाती है और अब लुप्तप्राय श्रेणी में शामिल है। गंगापुर सिटी क्षेत्र में इस प्रजाति का यह पहला दर्ज अवलोकन है। वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि ऐसे दुर्लभ और घायल पक्षियों को नुकसान पहुंचाने या छेड़ने के बजाय तुरंत वन विभाग या स्थानीय सर्पमित्र को सूचना दें। वन अधिकारी सुरेश गुर्जर ने सर्पमित्र रवि की तत्परता की सराहना करते हुए कहा कि उनकी जागरूकता और त्वरित कार्रवाई से गिद्ध की जान बचाई जा सकी।

### सड़क से अतिक्रमण हटाने की मांग

**भरतपुर**, (निसं)। सुगम यातायात एवं दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए शीशम तिराहे से हीरादास एवं हीरादास से सेवर तक की सड़क में हुए अतिक्रमणों को हटाने के लिए समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर मांग की है। करीब 200 फीट चौड़ी इस सड़क के दोनों ओर अतिक्रमणीयों ने स्थायी इसकी चौड़ाई कई स्थानों पर 100 फीट से भी कम कर दी है। जिससे सड़क दुर्घटनाएं लगातार हो रही हैं। गुप्ता द्वारा लिखे गये पत्र में कहा है कि शीशम तिराहे से हीरादास होकर सेवर तक की सड़क राष्ट्रीय राजमार्ग का हिस्सा रही है। बाद में इस राजमार्ग को सेवर से पॉलिटेक्निक कॉलेज होकर कर दिया है। उस समय से ही सड़क की चौड़ाई 200 फीट थी। जिस पर कई जगह दुकानदारों अथवा भवन सामग्री विक्रेताओं ने अपनी सामठाी डालकर इस पर अतिक्रमण कर चौड़ाई को काफी कम कर दिया है। जिससे सुगम यातायात में बाधा उत्पन्न हो रही है और कई बार वाहन दुर्घटनाएं हो रही है। अतिक्रमण हटने के बाद सड़क क्षेत्र की सुंदरता भी बढ़ेगी। पत्र में सीताराम गुप्ता ने केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान से बी-नारायण गेट तक बनाई जा रही फोरलेन सड़क बनाने के कार्य की प्रशंसा की है। अभी यह सड़क उद्यान से जवाहर नगर तक बनी है। जिस पर लगी रोड लाइटों से शहर की सुंदरता भी बढ़ी है। जबकि एम.एस.जे. कॉलेज से मडरपुर तक की बन रही फोर लेन सड़क के निर्माण के बाद शहर की सुंदरता में और वृद्धि हो जाएगी तथा इन सड़कों के पूरा होने पर शहर में आने वाले पर्यटकों के मन में भरतपुर की सुंदरता के प्रति सकारात्मक छवि भी बन जाएगी।

### रूपवास अस्पताल मिली गंदगी



**रूपवास**, (निसं)। भरतपुर संभागीय नलिनी कठोतिया आयुक्त रूपवास पहुंची। वहां उन्होंने कार्यालय, उप जिला अस्पताल, लाल महल, शाही तालाब का निरीक्षण किया। अस्पताल के निरीक्षण के दौरान साफ सफाई, मरीजों के लिए बेड शीट और डॉक्टर की कमी पाई। इसके साथ स्थानीय लोगों ने संभागीय आयुक्त को भू-माफियाओं के खिलाफ ज्ञापन भी दिया। संभागीय आयुक्त ने कहा कि रूपवास ऑफिस का निरीक्षण किया गया है। कुछ चीजें अच्छी मिली हैं और जो कमियां पाई गई हैं वह को बता दिया गया है। अगले कुछ दिनों में वह कमियां भी पूरी हो जाएगी। अस्पताल के निरीक्षण के दौरान साफ़ सफाई की कमी पाई गई है। मरीजों के बेड पर बेडशीट और तकिये नहीं हैं। अस्पताल में सबसे बड़ी कमी डॉक्टर की लगी है। उसके लिए प्रयास किया जाएगा कि और डॉक्टर अस्पताल में आ जाएं।भिड्यानी गांव के रहने वाले अनिल कुमार, राम कुमार अशोक कुमार ने संभागीय आयुक्त को ज्ञापन देते हुए बताया कि भिड्यानी गांव में हमारी जमीन है। वह हमारी पुश्तैनी जमीन है। उस जमीन के ऊपर हम भाइयों का विवाद चल रहा है। इसलिए जमीन पर स्टे लगा हुआ है। कल भू-माफिया संजय, मुकेश, मोहन निवासी बसई थाना रुदावल ने हमारी जमीन पर बुलडोजर और बदमाशों को लाकर हमारी जमीन पर कब्ज़ा करना शुरू कर दिया। जब हमने उन्हें जमीन पर कब्ज़ा करने से रोका तो, वह धमकियां देने लगे।

### 20 कर्मचारी मिले अनुपस्थित



**गंगापुर सिटी**, (निसं)। उपजिला कलेक्टर बृजेन्द्र मीना ने शुक्रवार को कार्यालय नगर परिषद गंगापुर सिटी, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गंगापुर सिटी, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र उदेई मोड गंगापुर सिटी, सहायक अभियन्ता जल संसाधन विभाग गंगापुर सिटी एवं अधिशाषी अभियन्ता जल संसाधन विभाग गंगापुर सिटी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर परिषद गंगापुर सिटी में 16 कर्मचारी, सहायक अभियन्ता जल संसाधन विभाग में 1 एवं अधिशाषी अभियन्ता जल संसाधन विभाग गंगापुर सिटी में 3 कर्मचारी अनपुस्थित पाए गए। अनुपस्थित समस्त कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

### वार्षिक अधिवेशन 25 दिसम्बर को

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। राजस्थान पेंशनर समाज जिला शाखा गंगापुर सिटी का वार्षिक अधिवेशन एवं वयोवृद्ध सम्मान समारोह 25 दिसम्बर गुरुवार को दोपहर 11.00 बजे भगवती पैलेस गंगापुर सिटी में आयोजित किया जाएगा। इसमें प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारी, जिला स0मा0 के अध्यक्ष, एवं सभी उप-शाखाओं के अध्यक्षो को आमंत्रित किया गया है। जिलाध्यक्ष रामसहाय शर्मा ने बताया कि अतिरिक्त निदेशक पेंशन विभाग जयपुर को भी विशेष रुप से आमंत्रित किया गया है। इसमें 75 वर्ष के पेंशनर्स एवं भामाशाहो को सम्मानित किया जाएगा। अधिक से अधिक पेंशनर इसमें उपस्थित हो कर अद्यतन जानकारी का लाभ उठावें।

## विश्व दिव्यांगता दिवस पर दी रंगारंग प्रस्तुति

**करौली**, (निसं)। विश्व दिव्यांगता दिवस बुधवार को रीको एरिया में संचालित काव्या विशेष महाविद्यालय में हर्षोउल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर दिव्यांग विद्यार्थियों ने महाविद्यालय से गदका की चौकी तक रैली निकाली तथा विभिन्न गानों पर नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी, जिसकी सभी ने सराहना की।

कार्यक्रम में अतिथियों के रूप मे जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी बबलू शर्मा, सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष अनिल शर्मा, सदस्य फजले अहमद, अनुजा निगम के परियोजना प्रबंधक पवन कुमार गुप्ता मौजूद रहे जिन्होंने दिव्यांगजन विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। मां शारदे के चित्रपट पर दीप प्रज्वलन के बाद अतिथियों ने कहा कि प्रत्येक बालक भगवान का तोहफा है। दिव्यांगजन अपनी कमजोरी को ताकत बनाएं और समाज में मिसाल कायम करे, ताकि समाज की मुख्यधारा में शामिल हो सकें। उन्होंने कहा कि हम सभी को ऐसे विद्यार्थियो को संबल प्रदान करने के साथ समान अवसर प्रदान करने चाहिए। भगवान ने दिव्यांगजनों को कमजोरी के साथ दिव्य शक्ति भी प्रदान की है जिसे पहचानकर इनमें छिपी प्रतिभा को निखारकर उन्हें उसी दिषा में अग्रसर करना चाहिए। इससे पूर्व विद्यार्थियों ने महाविद्यालय से गदका की चौकी तक रैली निकाली।

रैली में शामिल विद्यार्थी हाथों में दिव्यांगजन विकास संबंधी आदर्ष वाक्य लिखी तख्तियां लेकर चल रहे थे। रैली के कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर पुप्पेन्द्र लवानियां ने अतिथियों का स्वागत किया। छात्रा सोनम गुर्जर, नेहा जाटव, आइशा बानो,मोहिनी शर्मा, गायत्री सैनी, साधना बेरेडिया, तेजस चतुर्वेदी, प्रिया शुक्ला, कविता सिंह, शिवांगी शर्मा ने अनेक फिल्मी गानों व पेरोडियों पर नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी।

## स्काउट गाइड समाज में आदर्श प्रस्तुत करते हैं : प्रेम राज मीणा

**करौली**, (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला मुख्यालय करौली के तत्वाधान में जिला स्काउट गाइड भवन में आयोजित किया जा रहे डी एल एड गाइड प्रशिक्षण शिविर के द्वितीय दिवस का झंडारोहण करते हुए उप जिला कलेक्टर प्रेमराज मीना ने कहा कि स्काउट गाइड हमेशा समाज में अपना आदर्श प्रस्तुत करते हैं एवं समाज सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं उन्होंने शिविरार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वह अधिक से अधिक मेहनत करें परिश्रम करें और जीवन को सफल बनाएं

सीओ स्काउट अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि श्री दिगंबर जैन आदर्श संस्कृत शिक्षक प्रशिक्षण विद्यालय श्री महावीर जी की 101 छात्र अध्यापिकाओं का साथ दिवसीय आवासीय शिवर जिला स्काउट गाइड भवन में आयोजित किया जा रहा है जिसका द्वितीय दिवस के झंडारोहण के अवसर पर उप जिला कलेक्टर प्रेमराज मीना मुख्य अतिथि ने स्काउट गाइड बालिकाओं को अपने परिवार जनों की सेवा के लिए प्रेरित किया एवं अपने स्काउट गाइड प्रशिक्षण में शिक्षक प्रशिक्षण में पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करने की सलाह दी

इससे पूर्व गुरुवार को शिविर का शुभारंभ झंडारोहण कर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गोपाल प्रसाद मीणा ने किया इस अवसर पर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि राजस्थान प्रदेश की स्काउट गाइड पूरे विश्व में अपना अलग स्थान रखते हैं और यह उन्होंने जंबूरी में अपनी श्रेष्ठता साबित कर दी उन्होंने कहा कि स्काउट गाइड को जल संरक्षण पर्यावरण संरक्षण ऊर्जा संरक्षण नशा मुक्ति स्वच्छता के लिए आम लोगों के साथ-साथ अपने मित्रों परिजनों पड़ोसियों को प्रेरित करना चाहिए जिससे राष्ट्र के लिए उल्लेखनीय कार्य हो सके। इससे पूर्व अतिथियों के पहुंचने पर सहायक शिविर संचालक सुरेश चंद शर्मा के नेतृत्व में गार्ड ऑफ ऑनर प्रस्तुत किया गया शिविर संचालक रामअवतार शर्मा ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि शिविर में 101 बालिकाऐ प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं जिनको शिविर नियम शिविर के उद्देश्य संगठन के नियम प्रतिज्ञा चिन्ह सैल्यूट हाथ मिलाना झंडा गीत प्रार्थना राष्ट्रगान संगठन का इतिहास का प्रशिक्षण प्रथम दिवस एवं द्वितीय दिवस में प्रथम द्वितीय सोपान की गांठें पायनियरिंग कंपास दिशा ज्ञान आदि की जानकारी प्रदान की गई। संचालिका बसंती शर्मा में अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया शिविर संचालन में सहायक संचालक प्रकाश चंद सुमन सहायक लीडर ट्रेनर सुरेश चंद शर्मा पूरन चंद्र डांगुर आरती माली ने संगठन के स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया।

## फायरिंग के दो आरोपी दबोचे

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। शहर में तीन दिन पहले हुई फायरिंग के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुरानी थोक फल-सब्जी मंडी क्षेत्र में दिनदहाडे हुए इस हमले में काडू गुर्जर पहलवान और एक अन्य युवक घायल हो गए थे।

पुलिस ने घटना के बाद आरोपियों की तलाश में विशेष अभियान चलाया। सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर जांच की। डीएसपी गिर्राज मीना ने बताया कि घायल काडू गुर्जर ने कृष्णा बांसरोटा, गौरव और चिरंजी पर हमले की साजिश रचने का आरोप लगाया था। इसी आरोप के आधार पर पुलिस ने सवाई माधोपुर जेल में बंद कृष्णा बांसरोटा को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर पूछताछ की। पूछताछ में कृष्णा ने बताया कि हमले में भिनोरा निवासी उधम सिंह उर्फ विवेक की अहम भूमिका थी। इस जानकारी के बाद पुलिस ने दबिश देकर आरोपी विवेक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस जांच में सामने आया है कि यह फायरिंग पूर्व नियोजित थी। काडू गुर्जर और कृष्णा बांसरोटा के बीच पुरानी रंजिश को हमले का मुख्य कारण बताया जा रहा है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों के खिलाफ पहले भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## जागरुकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**भरतपुर**, (निसं)। हरिदत्त डिग्री कॉलेज की एनएसएस यूनिट द्वारा मृदा संरक्षण दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

छात्र-छात्राओं ने मृदा संरक्षण के महत्व को समझते हुए विभिन्न गतिविधियों से मिट्टी बचाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में संस्था निदेशक डॉ. आलोक शर्मा की उपस्थिति रही। उन्होंने कहा कि मृदा हमारे जीवन का आधार है, इसलिए संरक्षण प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। इस अवसर पर एनएसएस कोऑर्डिनेटर डॉ. राजकमल दिवाकर एवं मीरा शर्मा मैडम ने विद्यार्थिंयों को मृदा संरक्षण के विभिन्न उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# गोपाल सिंह की 9 फीट ऊंची प्रतिमा का मंत्रोच्चारण के साथ अनावरण

**कैलादेवी/करौली**, (निसं)। गोपाल सिंह की 9 फीट ऊंची प्रतिमा का यहां के पूर्व नरेश कैला देवी मंदिर ट्रस्ट के सोल ट्रस्टी कृष्ण चंद्रपाल ने राज परिवार के साथ विद्वान पंडितों के मंत्रोच्चारण बीच प्रतिमा का अनावरण किया।

इस दौरान गोपाल सिंह महाराज कैला मैया मदन मोहन जी के जयकारों की गूंज रही एवं इस अवसर पर लोगों ने फूल बरसा की इस मौके पर करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर सपोटारा विधायक हंसराज मीणा एवं जिले के प्रमुख संत महात्मा सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता एवं करौली जिले के अलावा मध्य प्रदेश के वरिष्ठ लोग उपस्थित रहे एवं इसी खुशी में सांस्कृतिक आयोजन किए गए यदुवंशी राजा कुंवरपाल के पुत्र गोपालसिंह 16 वर्ष की आयु में 1724ई0 में करौली के शासक बने । इनकी बहिन जयपुर के संस्थापक जयसिंह द्वितीय को ब्याई थी। इस राजा का 33 वर्ष का राज्यकाल करौली के इतिहास का स्वर्णयुग कहलाता है । शासन प्रबन्ध एवं संचालन में गोपालसिंह के दो ब्राह्मण मंत्रियों की भूमिका महत्वपूर्ण थी। खांडेराय एवं नवलसिह नामक दो मंत्रियों ने मराठों से कूटनीतिक सम्बन्ध बनाकर करौली को सुरक्षित बनाया। गोपाल



कैलादेवी आश्रम में राज परिवार प्रमुख कृष्ण चंद्र पाल ने गोपाल सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया।

सिंह ने इस अवधि में करौली का राज्य विस्तार मध्य प्रदेश के विजयपुर, सबलगढ एवं ग्वालियर से 15 कि0मी0 दूर सिकरवार तक किया।

झिरी ओर सरमथुरा के मुक्तावत भी गोपाल सिंह की अधीनता स्वीकार करते थें । भरतपुर के राजा सूरजमल जाट से इन्होने मित्रता करके खिराज के बदले सरमथुरा को भी अपने नियंत्रण में ले लिया। जयपुर के ईश्वर सिंह के समय में हिण्डौन के साढे सोलह गांव करौली के अधीन थे । पाउलेट गजेटियर के अनुसार गोपालसिंह के शासन काल में 617 गांव अधीनस्थ थे, जिसमें से 284 गांव वर्तमान मध्यप्रदेश की सीमा में स्थित हैं। राज्य विस्तार के बाद गोपालसिंह का ध्यान करौली के विकास पर केन्द्रित हुआ। इसने मासलपुर में छोटा सा महल एवं बाग, झिरी में एक मकान करौली नगर के चारों ओर पक्का परकोटा जिसमें छह दरवाजे तथा बारह खिडकिया हैं, बनवाया। मदनमोहनजी का मंदिर, महलों में गोपाल मंदिर, दीवाने आम एवं नगाडखाना इसी राजा ने बनवाऐ । महलों के निर्माण में दिल्ली के किले की वास्तुकला को आदर्श मानकर उसका प्रयोग किया गया था ।

गोपालसिंह 13 जुलाई 1734 ई0 को मराठों को राजपूताने से निकालने के लिए आयोजित हुरडा (उदयपुर) सम्मेलन में जयपुर नरेश सवाई जयसिंह के साथ उपस्थित हुए, जिसमें एक संघ का गठन हुआ। मराठों के विरूद्ध सामूहिक कार्यवाही करने के लिए नवम्बर 1741 ई0 में कोटा महाराबल दुर्जनसाल ने नाथद्वारा में एक धार्मिक महोत्सव आयोजित किया इसमें गोपालसिह को भी आमंत्रित किया गया था। पानीपत में मराठों की पराजय के बाद जयपुर नरेश माधोसिंह मराठा विरोधी संघ के निर्माण में संलग्न थे । मुगल बादशाह शाहआलम द्वितीय ने मराठा विरोधी संघ बनाने के लिए करौली के राजा गोपालसिंह को भी आमंत्रित किया। जोधपुर के विजयसिह बीकानेर के गजसिंह एवं बूंदी के कृष्णसिंह से 1754 ई0 में जयपुर यात्रा के दौरान करौली के राजा गोपालसिह की भेंट हुई । करौली के इस प्रतापी राजा का सम्पूर्ण राजपूताने में प्रभाव था

गोपाल सिंह 1753 ई0 में बादशाह के निमंत्रण पर दिल्ली दरवार में सम्मिलित हुए जहां इन्हे माही मरातिव का सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान मुगल बादशाह द्वारा पांच हजारी व उससे अधिक के मनसवदारों को दिया जाता था। 1757 ई0 में दिल्ली एवं मधुरा पर अहमद शाह अब्दाली के आक्रमण से हुए मंदिरों के विध्वंश से यह राजा अधिक विचलित हो गया तथा असहनीय आधात से 13 मार्च 1757 ई0 को देहावसान हो गया।